# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022** **दिनांक 13/05/2025**

**सेवा में,**

**पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर**
**अपर पुलिस महानिदेशक,**
**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।**

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है ।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 12.05.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**01. थाना नन्दगंज एवं स्वॉट टीम द्वारा थाना क्षेत्र में फायरिंग कर सनसनी फैलाने वाले दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार। जिनके कब्जे से एक अदद पिस्टल 32 बोर, एक अदद खोखा कारतूस 32 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर मय मैगजीन व एक अदद नाजायज तमन्चा .315 बोर व एक अदद खोखा कारतूस .315 बोर बरामद।**

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 12.05.2025 की प्रातः में थानाध्यक्ष नन्दगंज मय पुलिस टीम व स्वॉट प्रभारी मय टीम द्वारा थाना नन्दगंज से संबंधित मु0अ0सं0 126/2025 धारा 288, 308(5), 61(2) बी0एन0एस0 के अभियुक्त गण अमन यादव पुत्र अजय सिंह यादव निवासी ग्राम सकरा थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर हाल पता ग्राम बरहपुर थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर उम्र करीब 22 वर्ष व अमन यादव पुत्र अंगद यादव निवासी ग्राम बेलसड़ी थाना करण्डा जनपद गाजीपुर उम्र करीब 22 वर्ष से दिनांक 04.05.2025 को मुकदमा उपरोक्त में प्रयुक्त नाजायज असलहा की बरामदगी हेतु बहद ग्राम बरहपुर अभियुक्तगण के निशानदेही पर बरामदगी हेतु ले गये थे। दौरान बरामदगी दोनों अभियुक्तगण द्वारा मौका देखकर पुलिस वालो पर फायरिंग की गई जिसके जवाब में पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ संतुलित जवाबी फायरिंग की गई। जिसमें दोनों बदमाशो के बाये पैर मे गोली लगी है और वह घायल हो गये हैं। जिन्हे तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु नजदीकी पी0एच0सी0 नन्दगंज भेजा गया। पूछताछ में दोनों अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम जेल जाने के डर से भागना चाहते थे। जिस कारण हमने पुलिस पर फायरिंग किया। हमसे गलती हो गयी है, माफ कर दीजिए। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**घायल /गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता-**

1. अमन यादव पुत्र अजय सिंह यादव निवासी ग्राम सकरा थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर हाल पता ग्राम बरहपुर थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर उम्र करीब 22
2. अमन यादव पुत्र अंगद यादव निवासी ग्राम बेलसड़ी थाना करण्डा जनपद गाजीपुर उम्र करीब 22 वर्ष

**आपराधिक इतिहास- अभियुक्त अमन यादव पुत्र अजय यादव**

1. मु0अ0सं0 126/2025 धारा 288, 308(5), 61(2) बी0एन0एस0 थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर
2. मु0अ0सं0 132/2025 धारा 109 बी0एन0एस0 व 3/25 आयुध अधिनियम थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर
3. मु0अ0सं0 185/2022 धारा 302 भा0द0वि0 थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर

**आपराधिक इतिहास- अभियुक्त अमन यादव पुत्र अंगद यादव**

1. मु0अ0सं0 126/2025 धारा 288, 308(5), 61(2) बी0एन0एस0 थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर
2. मु0अ0सं0 132/2025 धारा 109 बी0एन0एस0 व 3/25 आयुध अधिनियम थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर

**बरामदगी -**

1. एक अदद पिस्टल 32 बोर
2. एक अदद खोखा कारतूस 32 बोर
3. एक अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर मय मैगजीन
4. एक अदद देशी तमंचा .315 बोर
5. एक अदद खोखा कारतूस .315 बोर

**02. थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 315/2025 धारा 103(1) बी0एन0एस0 से संबंन्धित 01 नफर बालअपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिय़ा गया।घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अदद फावडा बरामद।**

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दिनांक 06.05.2025 को थाना कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 315/2025 धारा 103(1) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित 01 नफर बालअपचारी को बुजुर्गा कोठवा से प्रभारी निरीक्षक दीन दयाल पाण्डेय मय टीम द्वारा मुखबिर खास कि सूचना पर अभिरक्षा में लिय़ा गया । तथा घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद फावडा अपचारी के निशादेही पर बरामद किया गया । उक्त बालपचारी के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**अभिरक्षा में लिया गया बाल अपचारी –**

01 नफर बाल अपचारी

**बरामदगी का विवरण -**

घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अदद फावडा

**आपराधिक इतिहास-**

मु0अ0सं0 315/2025/2024 धारा 103(1) , 61(2)(क) बी0एन0एस0 थाना कोतवाली गाजीपुर

**विवरण पूछताछ-** बालअपचारी से पूछताछ पर बताया गया कि मृतक मेरे चाचा नगीना यादव , मेरे पिता वकील यादव से हमेशा झगडा करते थे मेरे पिता जी को बहुत परेशान करते थे मेरे पिता इनसे त्रस्त आ गये थे अपने पिता के कहने पर मैने अपने बडे भाई खिचडू उर्फ प्रदीप यादव जो ड्राइवरी का काम करते है, के साथ

मिलकर दिनांक 5/6.05.2025 की रात्रि में नगीना यादव जो पिन्टू कश्यप के दरवाजे के बाहर सो रहे थे, मै तथा मेरा भाई खिचडू उर्फ प्रदीप यादव फावडा से मारकर हम लोग भाग गये। मै तलवल, बबेडी आदि स्थानों पर लुकछिप कर रह रहा था। जिस फावडा से मैंने मारा था उसको बबउत बाबा के स्थान पर कुआँ मे फेंक दिया था।

**पुलिस अधीक्षक**
**गाजीपुर**